# 'रन फॉर टाइगर': 600 लोगों ने लिया संरक्षण का संकल्प



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस के उपलक्ष्य में बाघ सप्ताह-2026 के तहत वन विभाग ने भोपाल में 'रन फॉर टाइगर' का आयोजन किया। पांच किलोमीटर की इस जनजागरूकता दौड़ में लगभग 600 नागरिकों ने भाग लेकर बाघों और वन्यजीवों के संरक्षण का संकल्प लिया।

वन भवन से शुरू होकर निर्धारित मार्ग से वापस वन भवन तक आयोजित इस दौड़ में स्कूली विद्यार्थी, युवा, महिलाएं, वरिष्ठ नागरिक, पर्यावरण प्रेमी तथा वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख शुभरंजन सेन तथा प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) एवं मुख्य वन्यजीव अभिरक्षक डॉ. समीता राजोरा ने हरी झंडी दिखाकर किया। शुभरंजन सेन ने कहा कि बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि स्वस्थ जंगलों और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र का प्रतीक हैं। वहीं डॉ. समीता राजोरा ने कहा कि बाघ संरक्षण तभी सफल होगा जब स्थानीय और आदिवासी समुदाय इसकी जिम्मेदारी साझा करेंगे। प्रतियोगिता जूनियर, वेटरन्स, सीनियर वेटरन्स और सीनियर सिटीजन वर्गों में आयोजित की गई। पुरुष और महिला वर्ग के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए, जबकि 12 वर्ष तक के बच्चों को सांत्वना पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया।

# दतिया उपचुनावः निष्पक्ष मतदान के लिए सात पुलिस अधिकारियों का तबादला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** दतिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-22 के उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी वातावरण में संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर सात पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण किया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशों के पालन में पुलिस मुख्यालय ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से दतिया विधानसभा क्षेत्र से हटाकर नई पदस्थापना के आदेश जारी किए हैं। पुलिस मुख्यालय के अनुसार अजाक थाना दतिया के निरीक्षक केहरी परिहार के स्थान पर निरीक्षक मेलीराम उइके की नियुक्ति की गई है। इसी प्रकार थाना सिविल लाइन, बड़ौनी, जिगना, गोराघाट और धीरपुरा सहित अन्य थानों में पदस्थ उप निरीक्षकों के स्थान पर अशोक नगर, भिंड और ग्वालियर से नए अधिकारियों की पदस्थापना की गई है। सभी अधिकारियों को तत्काल नए पदस्थापन स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्वाचन आयोग का उद्देश्य उपचुनाव के दौरान प्रशासनिक निष्पक्षता बनाए रखना और मतदाताओं का विश्वास मजबूत करना है। आयोग के निर्देशों के अनुरूप लंबे समय से एक ही क्षेत्र में पदस्थ अधिकारियों को हटाकर अन्य जिलों के अधिकारियों की तैनाती की गई है।

# ई-प्रवेश से उच्च शिक्षा में रिकॉर्ड 4.89 लाख विद्यार्थियों को मिला दाखिला

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग की ई-प्रवेश (ई-प्रवेश) प्रणाली ने इस वर्ष उच्च शिक्षा में प्रवेश का नया रिकॉर्ड बनाया है। 24 जुलाई 2026 तक प्रदेश के शासकीय और अशासकीय महाविद्यालयों में 4 लाख 89 हजार 169 विद्यार्थियों ने प्रवेश प्राप्त किया है। यह पिछले चार वर्षों में समान अवधि का सर्वाधिक आंकड़ा है। विभाग के अनुसार पिछले वर्ष की तुलना में 73 हजार से अधिक तथा वर्ष 2023-24 की तुलना में 1.68 लाख अधिक विद्यार्थियों ने इस बार प्रवेश लिया है।

विभाग ने बताया कि ई-प्रवेश पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से विद्यार्थी घर बैठे पंजीयन, दस्तावेज अपलोड, सत्यापन, महाविद्यालय और पाठ्यक्रम का चयन, शुल्क भुगतान तथा प्रवेश की पूरी प्रक्रिया आसानी से पूरी कर रहे हैं। इससे विद्यार्थियों और अभिभावकों को अनावश्यक भागदौड़ से राहत मिली है और प्रवेश प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, सरल तथा समयबद्ध बनी है।

प्रवेश प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए 24म7 कॉल सेंटर, हेल्प सेंटर और कॉलेज लेवल काउंसिलिंग (सीएलसी) की व्यवस्था भी की गई है। वर्तमान सत्र में 7 लाख 18 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने पोर्टल पर पंजीयन कराया है, जिनमें से 6.31 लाख से अधिक के दस्तावेज सत्यापित हो चुके हैं। प्रवेशित विद्यार्थियों में 3.38 लाख स्नातक, 1.04 लाख स्नातकोत्तर तथा 46 हजार से अधिक विद्यार्थी एनसीटीई पाठ्यक्रमों में शामिल हैं।

# निवाड़ी को 109 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निवाड़ी जिले के दौरे के दौरान 109 करोड़ रुपये से अधिक लागत के 44 विकास कार्यों का लोकार्पण और 84 करोड़ रुपये से अधिक के 15 कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निवाड़ी में विकास का नया अध्याय शुरू हो रहा है और प्रदेश सरकार गरीब, युवा, महिला तथा किसानों के कल्याण के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता समान अधिकार और सुरक्षा की दिशा में ऐतिहासिक कदम है।



## निवाड़ी को मिला नया संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को निवाड़ी जिले में 25 करोड़ 63 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कर विभिन्न शाखाओं और कलेक्टर कक्ष का अवलोकन किया तथा परिसर में पौधरोपण भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन के शुरू होने से जिले के नागरिकों को सरकारी सेवाएं पहले की तुलना में अधिक सुविधाजनक और समयबद्ध तरीके से मिल सकेंगी। उन्होंने कहा कि एक ही परिसर में विभिन्न विभागों के कार्यालय संचालित होने से लोगों को योजनाओं और प्रशासनिक सेवाओं का लाभ लेने के लिए अलग-अलग स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे कार्यों का त्वरित निपटारा संभव होगा। लोकार्पण कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण, उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण मंत्री तथा निवाड़ी जिले के प्रभारी मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, राज्यसभा सांसद महेश केवट, विधायक अनिल जैन सहित जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि केन-बेतवा लिंक परियोजना से निवाड़ी सहित पूरे बुंदेलखंड क्षेत्र को बड़ा लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने नए संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन, उन्नत 100 बिस्तरीय जिला चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, आयुष विंग, संजीवनी क्लीनिक, स्टॉप डैम, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा विभिन्न सड़क निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड का विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और क्षेत्र में औद्योगिक गतिविधियों को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। सभा में मुख्यमंत्री ने निवाड़ी में विधि महाविद्यालय और एमबीए महाविद्यालय खोलने, आधुनिक बस स्टैंड के निर्माण, प्रत्येक नगर पंचायत में गीता भवन बनाने, मुख्यमंत्री सुगम सहायता बस सेवा शुरू करने, तरीचरकला में गौशाला निर्माण तथा कनरे नदी पर जनौली-चंदावनी के बीच पुल बनाने की घोषणा भी की।

# मन की बात जन-जीवन को नई दिशा देने वाला अभियान : मंगुभाई पटेल




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'मन की बात' कार्यक्रम जन-जीवन को नई दिशा देने वाला प्रेरक अभियान है। यह कार्यक्रम ज्ञान, संस्कार और सकारात्मक सोच का माध्यम बनकर समाज में जागरूकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करता है।

उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से 'मन की बात' सुनें और इसके प्रेरक संदेशों को दूसरों तक भी पहुंचाएं। राज्यपाल रविवार को कमला नेहरू सांदीपनि कन्या शासकीय विद्यालय में आयोजित सामूहिक श्रवण कार्यक्रम में छात्राओं, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम से पहले राज्यपाल ने विद्यालय की छात्राओं द्वारा विज्ञान, इतिहास, कला और संस्कृति पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

उन्होंने छात्राओं के मॉडल, नवाचार और प्रस्तुतिकरण की सराहना करते हुए विद्यालय के शैक्षणिक प्रयासों की प्रशंसा की। विधायक भगवान दास सबनानी ने भी 'मन की बात' को समाज के हर वर्ग के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर कलेक्टर प्रियंक मिश्र, लोक शिक्षण विभाग के संचालक डी.एस. कुशवाहा, प्राचार्य संगीता सक्सेना, जनप्रतिनिधि, शिक्षक और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# ओंकारेश्वर हादसा : दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : मुख्यमंत्री

***नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः*** *मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ओंकारेश्वर में सेप्टिक टैंक में गिरने से तीन वर्षीय बालक की मौत पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए मामले में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने खंडवा कलेक्टर को दुर्घटना की विभागीय जांच तत्काल शुरू कराने, लापरवाही बरतने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को निलंबित करने तथा जांच में दोषी पाए जाने पर उन्हें बर्खास्त करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आमजन की सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।*

*मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन और नगर परिषद को निर्देश दिए कि घाटों पर गंदगी और सीवेज रोकने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने खतरनाक स्थलों पर बैरिकेडिंग, चेतावनी बोर्ड तथा पुलिस और होमगार्ड की तैनाती अनिवार्य करने को कहा। साथ ही सभी सीवर चैंबरों का सर्वे कर टूटे या क्षतिग्रस्त ढक्कनों को तत्काल बदलने और आवश्यक मरम्मत कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए।*

*उल्लेखनीय है कि गत दिवस ओंकारेश्वर के ब्रह्मपुरी पार्किंग क्षेत्र में एक तीन वर्षीय बालक खुले सेप्टिक टैंक में गिर गया था, जिससे उसकी मृत्यु हो गई।*

# कांग्रेसकाल में ग्वालियर-चंबल डकैतों व अपहरण की घटनाओं के लिए बदनाम थाः शिवराज सिंह



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को दतिया विधानसभा क्षेत्र के बसई में भाजपा प्रत्याशी आशुतोष तिवारी के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लिए राजनीति सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि जनता की सेवा का संकल्प है।

श्री चौहान ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस शासनकाल में ग्वालियर-चंबल क्षेत्र डकैतों और अपहरण की घटनाओं के लिए बदनाम था। उन्होंने दावा किया कि मुख्यमंत्री रहते हुए उनकी सरकार ने डकैतों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई कर क्षेत्र में कानून व्यवस्था स्थापित की। उन्होंने कांग्रेस पर विकास कार्यों की उपेक्षा और तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप भी लगाया। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, लाड़ली बहना योजना, महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए 'लखपति दीदी' अभियान तथा ग्रामीण विकास के लिए वीबी-जी राम जी योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इन योजनाओं से गांवों और गरीब परिवारों को व्यापक लाभ मिलेगा।

सभा को प्रदेश सरकार के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने दतिया में लगातार विकास कार्य कराए हैं और आगे भी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार मिलकर कार्य करती रहेगी। जनसभा में कई मंत्री, सांसद, विधायक और पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मप्र पुलिस के राकेश ने राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिता में जीता सोना



**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मप्र पुलिस के सहायक पुलिस महानिरीक्षक (विसबल) के निज सहायक एवं निरीक्षक (अ) राकेश कुमार कुशवाह ने ओपन इंडिया प्री-स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता-2026 में 10 मीटर एयर पिस्टल (मास्टर वर्ग) स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता है। उनकी इस उपलब्धि से मध्यप्रदेश पुलिस का गौरव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए राकेश कुमार कुशवाह को 5 हजार रुपये के नगद पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह सफलता अनुशासन, कठिन परिश्रम, समर्पण और निरंतर अभ्यास का परिणाम है।

उन्होंने उम्मीद जताई कि श्री कुशवाह की उपलब्धि पुलिस विभाग के अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करेगी। राकेश कुमार कुशवाह इससे पहले भी मध्यप्रदेश पुलिस की राज्य स्तरीय शूटिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीत चुके हैं। उन्होंने कार्यालयीन दायित्वों के साथ खेलों में भी निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। मध्यप्रदेश पुलिस के अनुसार राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग प्रतियोगिता में स्टेनो एवं लिपिकीय वर्ग के किसी अधिकारी द्वारा इस प्रकार की उपलब्धि का यह पहला उदाहरण है। श्री कुशवाह की सफलता ने विभाग के कर्मचारियों के लिए नई प्रेरणा प्रस्तुत की है।

# डॉ. यादव ने कारगिल विजय दिवस पर अमर वीरों को किया नमन

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कारगिल विजय दिवस पर मां भारती की रक्षा के लिए प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले अमर वीरों को नमन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि कारगिल युद्ध में दुर्गम चोटियों पर अदम्य साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए जवानों ने तिरंगे की आन-बान-शान की रक्षा करते हुए स्वर्णिम इतिहास रचा। राष्ट्र सदैव वीर जवानों का ऋणी रहेगा।

# मुख्यमंत्री ने स्क्वैश चैंपियन बेटी अनाहत सिंह को दी बधाई


**विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप-26 में अनाहत ने जीता गर्ल्स सिंगल्स का खिताब**

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप-2026 में गर्ल्स सिंगल्स जीतने वाली प्रतिभाशाली बेटी अनाहत सिंह को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि बेटी अनाहत की यह ऐतिहासिक उपलब्धि देश की बेटियों और युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह भारत की बढ़ती खेल उत्कृष्टता का सशक्त प्रमाण भी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेटी अनाहत सिंह को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए मंगलकामनाएं दीं।

# सत्ता के गलियारे...




• डॉ. शिशिर उपाध्याय



## • अपनों का अपनों पर हमला

विधानसभा सत्र में एक सवाल ऐसा आया कि विपक्ष से ज्यादा मुश्किल अपने ही खेमे से खड़ी हो गई। जवाब देने वाले माननीय के चेहरे के भाव बताते रहे कि तीर बाहर से नहीं, भीतर से चला है। आखिरकार बात को अलग कमरे की चर्चा तक ले जाकर सदन की गरिमा भी बची और राजनीतिक रिश्ते भी।

## • जनता के मुद्दे उठाने से फिर चूके



बरसाती सत्र से जनता को उम्मीद थी कि पानी, सड़क, बिजली और खेती पर खूब बरसेगा सदन। लेकिन बादल राष्ट्रीय और राजनीतिक मुद्दों पर ही गरजते रहे। जनता के मुद्दे फिर इंतजार करते रहे और रस्म अदायगी का मौसम चलता रहा।

## • भाजपा-कांग्रेस आमने-सामने



एक दल पूरी ताकत के साथ सड़क पर उतरा तो दूसरे दल के कुछ बड़े चेहरे शायद मौसम का मिजाज भांपते रहे। राजनीति में भीड़ से ज्यादा नजरें चेहरों को तलाशती हैं और इस बार चर्चा उन्हीं चेहरों की गैरमौजूदगी की ज्यादा रही।

## • इशारों से आगे लाने की कोशिश



सदन में इशारे बहुत हुए, लेकिन हर इशारे का जवाब कदमों से मिले, यह जरूरी नहीं।

कुछ माननीय अपनी सीटों से ऐसे जुड़े रहे मानो वहीं से विरोध दर्ज कराने का नया तरीका ईजाद हो गया हो। गलियारों में इसे भी अलग-अलग नजरिए से देखा जा रहा है।

## • समीकरण बदलने के आसार,,,,



सत्र खत्म होते ही राजनीतिक नजरें दतिया की ओर टिक गई हैं। मुकाबला भले दो दलों के बीच माना जा रहा हो, लेकिन चर्चा उन चेहरों की ज्यादा है जो जीतें या न जीतें, गणित जरूर बदल सकते हैं।

## • बड़े साहब को जिम्मेदारी, छोटे भारी



राजनीति में कुर्सी का आकार हमेशा प्रभाव का पैमाना नहीं होता।

इन दिनों गलियारों में चर्चा है कि कई बड़े माननीय भी कुछ छोटे पदों पर बैठे नेताओं की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं। कहते हैं, सत्ता की असली ऊंचाई कभी-कभी नेमप्लेट से नहीं, पहुंच से मापी जाती है।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1,भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, ज़ोन-1, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादकः डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादकः अपूर्व तिवारी। * फोन-0755-2550900-01, e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, www.naiduniaonline.com